# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (12 April)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-april-12

- इलाहाबाद हाई कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश विक्रम नाथ को नवगठित **आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का पहला चीफ जस्टिस** नियुक्त किया गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ के नाम की सिफारिश की थी। गौरतलब है कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के संयुक्त उच्च न्यायालय के विभाजन के बाद इस साल 1 जनवरी, 2019 को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की स्थापना की गई थी। कॉलेजियम ने दिल्ली हाई कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश एस. रविन्द्र भट्ट को **राजस्थान** हाई कोर्ट, केरल हाई कोर्ट के न्यायाधीश पी.आर. रामचंद्र मेनन को **छत्तीसगढ़** हाई कोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के न्यायाधीश ए.के. मित्तल को **मेघालय** हाई कोर्ट और बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश ए.एस. ओका को **कर्नाटक** हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की सिफारिश भी की है।
- उत्तर प्रदेश में झांसी के निकट **बबीना कैंट** में 8 से 11 अप्रैल तक भारत और सिंगापुर के सैन्य बलों ने **बोल्ड कुरुक्षेत्र-2019** नामक द्विपक्षीय सैन्याभ्यास में हिस्सा लिया। भारत और सिंगापुर के बीच यह 12वाँ इस प्रकार का अभ्यास है। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य प्रौद्योगिकी विकसित करने, समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को बढ़ावा देना है।
- कुछ समय पूर्व क्राइस्टचर्च की दो मस्जिदों पर हुए हमले के बाद **न्यूज़ीलैंड की संसद** ने हथियार कानून में संशोधन कर सैन्य शैली के सभी तरह के **स्वचालित और अर्द्ध-स्वचालित** (Automatic & Semi-Automatic) हथियार रखने को गैर-कानूनी घोषित कर दिया है। न्यूज़ीलैंड की संसद ने विधेयक को एक के मुकाबले 119 मतों से पारित कर दिया। न्यूज़ीलैंड के गवर्नर जनरल की मंज़ूरी के बाद यह विधेयक कानून बन जाएगा और इसके बाद अगर किसी के पास ऐसे हथियार पाए गए तो उसे पाँच साल तक की सज़ा हो सकती है।
- ऑस्ट्रेलिया में **ड्रोन से कुछ सामानों की डिलिवरी** सर्विस शुरू करने के लिये आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है जहाँ ड्रोन से खाद्य पदार्थों की डिलीवरी की मंज़ूरी मिली है। ऑस्ट्रेलिया के विमानन नियामक नागर विमानन सुरक्षा प्राधिकरण ने **विंग एविएशन प्राइवेट लिमिटेड** को उत्तरी कैनबरा में ड्रोन से डिलीवरीकी अनुमति दी है। पि इन सप्लाई ड्रोन्स को मुख्य सड़क के ऊपर उड़ने की अनुमति नहीं है। पिछले 18 महीने से ड्रोन से आपूर्ति का परीक्षण करने वाली कंपनी विंग एविएशन गूगल की मूल कंपनी **एल्फाबेट** का ही एक हिस्स्सा है। फिलहाल केवल रिमोट संचालित ड्रोन से खाने के सामान, दवाओं और स्थानीय स्तर पर बनी कॉफी और चॉकलेट की डिलीवरी की जा रही है।
- **विज़डन क्रिकेटर्स एल्मनैक** ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान **विराट कोहली** को 2018 का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना है। यह लगातार तीसरी बार है जब विज़डन ने उन्हें लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना है। उनके साथ टैमी बियुमोंट, जोस बटलर, सैम करन और रोरी बर्न्स को भी क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज **स्मृति मंधाना** वुमन्स लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुनी गई हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान लीडिंग **टी-20** क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गए हैं। 2019 में विज़डन क्रिकेटर्स एल्मनैक का 156वाँ संस्करण होगा तथा यह 1889 से वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों की सूची जारी करता रहा है और इसे क्रिकेट के प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक माना जाता है।

- अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत **यूट्यूब** का सबसे बड़ा और सबसे तेज़ी से बढ़ रहा बाज़ार बन गया है। इसकी सबसे बड़ी वज़ह सस्ता मोबाइल डेटा और कम कीमत पर स्मार्टफोन की उपलब्धता है। भारत में 95% वीडियोज़ की खपत छोटे शहरों में स्थानीय भाषा में हो रही है तथा यूट्यूब के देश में 26.5 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। भारत में लर्निंग और एजुकेशन, म्यूज़िक, हेल्थ और कुकिंग जैसे विविध विषयों पर स्थानीय भाषाओं में सामग्री से यूट्यूब का इस्तेमाल काफी बढ़ा है। देश में पिछले एक साल में मोबाइल पर यूट्यूब का प्रसार 85% बढ़ा है और इसमें से 60% देश के 6 सबसे बड़े मेट्रो शहरों के बाहर हुआ है।
- ऑनलाइन सनसनीखेज़ खुलासे करने वाली **विकिलीक्स** के सह-संस्थापक **जूलियन असांज** को ब्रिटेन में गिरफ्तार कर लिया गया। ऑस्ट्रेलियाई जूलियन असांज पर स्वीडन में बलात्कार के आरोप लगे थे जिसके बाद गिरफ़्तारी और प्रत्यर्पण से बचने के लिए उन्होंने ने 2012 से लंदन में **इक्वाडोर के दूतावास** में शरण ले रखी थी। तब से वह लंदन में शरणार्थी के तौर पर रह रहे थे और बाद में उन्होंने इक्वाडोर की नागरिकता ले ली थी। गौरतलब है कि विकिलीक्स को बड़ी संख्या में विभिन्न देशों की गुप्त सूचनाओं को ऑनलाइन पब्लिश करने के लिये जाना जाता है। 2010 में विकिलीक्स ने अमेरिकी सेना से जुड़े गोपनीय दस्तावेजों को पब्लिश कर दिया तथा अफगानिस्तान और इराक युद्ध से जुड़े दस्तावेजों को भी सार्वजनिक कर दिया। इसके बाद अमेरिका ने असांज को बहिष्कृत घोषित कर दिया गया था।
- अफ्रीकी देश सूडान में वहाँ की सेना ने **तख्तापलट** करते हुए राष्ट्रपति उमर-अल-बशीर को पद से हटाकर हिरासत में ले लिया। रक्षा मंत्री अवद इब्ने औफ ने सरकार के गिरने का एलान करते हुए बताया कि उनके स्थान पर **अंतरिम सैन्य परिषद** 2 साल के लिए शासन करेगी। तीन महीने के लिये देश में आपातकाल लगा दिया गया है तथा 2005 के संविधान को निलंबित कर दिया है। साथ ही, अगले आदेश तक देश की सीमाएं एवं हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है। सैन्य परिषद ने देश में संघर्षविराम भी घोषित कर दिया है, जो युद्धग्रस्त दारफर, ब्लू नील और दक्षिण कुर्दफान में भी लागू होगा। सूडान में बशीर सरकार लंबे समय से जातीय विद्रोहियों से लड़ रही थी। बशीर भी 1989 में हुए तख्तापलट के बाद सत्ता में आए थे और वह अफ्रीका में सबसे लंबे समय तक राष्ट्रपति रहने वालों में शामिल हैं। वह नरसंहार और युद्ध अपराध के लिए **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय** में भी वांछित हैं।